<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>किसान चौपाल का आयोजन</u>

पन्तनगर। 17 दिसम्बर 2024। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा संचालित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल द्वारा ग्राम–हरसान में एस.सी.एस.पी. योजना के अन्तर्गत एवं ग्राम–बरहैनी, टी.एस.पी. योजना के अन्तर्गत कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र–बाजपुर में पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच किसान चौपाल का आयोजन किया गया।

किसान चौपाल का उद्घाटन, डा. चन्द्र भान सिंह, परियोजना अधिकारी द्वारा किया गया। परियोजना अधिकारी द्वारा सभी पशुपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों के उत्साहवर्धन करने के साथ–साथ परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशु पालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। पशु पालकों को पशुओं में लगने वाले अन्तःपरजीवी, वाह्यपरजीवी, थनैला, खुरपका एवं मुँहपका आदि रोगों से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान किया गया व श्री शिवांशु तिवारी, वरिष्ट शोध अध्येता द्वारा पशु पोषण से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के साथ–साथ पशु पालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशु पालन करने एवं पशुओं के साथ अंगी–अंगा का भाव रखने की सलाह दी गयी। किसान चौपाल में पशुपालकों का पंजीकरण एवं सामग्री वितरण व धन्यवाद प्रस्ताव श्री शिवांशु तिवारी द्वारा किया गया। किसान चौपाल में (एस.सी.एस.पी. योजना के 26 व टी.एस.पी. योजना के 10) कुल 36 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम में कृषकों को जानकारी देते वैज्ञानिक।

निदेशक संचार